हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 27 अक्टूबर 2025

07 रामराज्य की परिकल्पना बुंदेलखंडवासियों की खुशहाली ...



08 छुट्टियों के बाद खुली मंडी में किसान भावांतरण ...





### महिलाओं ने किया सामूहिक देववंदन, मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष पूजन सामग्री अर्पण की

# ज्ञान पंचमी पर मां सरस्वती की आराधना और महापूजन का कार्यक्रम संपन्न





हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

ज्ञान पंचमी पर रविवार को मां सरस्वती की आराधना एवं महापूजन संपन्न हुआ। समाज की महिलाओं द्वारा सामूहिक देववंदन किया गया। आगम शास्त्र की वासक्षेप पूजन की गई। तथा सरस्वती माता की प्रतिमा के समक्ष विभिन्न पूजन सामग्री अर्पण की गई। स्थानीय श्वेतांबर जैन समाज में रत्ननिधि श्रीजी म.सा. एवं पुण्यतिथि श्रीजी म.सा. आदि ठाणा 05 का चातुर्मास जैन उपाश्रय में सानंद चल रहा है। जहां पर साध्वी मंडल की प्रेरणा एवं पावन निश्रा में विभिन्न धार्मिक गतिविधियां चल रही हैं। इसीके अंतर्गत रविवार को प्रातः 8 .30 बजे बजे से ज्ञान पंचमी पर उपाश्रय में मां भगवती सरस्वती देवी की आराधना एवं सामूहिक देव वंदन का कार्यक्रम रखा गया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज की महिलाओं द्वारा घर से सजाकर लाई गई विभिन्न प्रकार के धान के साथ फल फ्रूट, मिष्ठान, लेखन सामग्री आदि मां के समक्ष स्वास्तिक बनाकर अर्पण की गई। एवं घी के दीपक प्रज्वलित किए गए तथा महिलाओं तथा समाजजनों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा तथा शास्त्रजी, धार्मिक पुस्तकों आदि की वासक्षेप से पूजन की गई। तत्पश्चात प्रातः 10 बजे से सरस्वती महापूजन का कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। पूजन में मां सरस्वती की प्रतिमा को स्थापित किया गया था जहां पर माता की प्रतिमा के समक्ष मुख्य पीठिका पर लाभार्थी रवि कुमार राजेंद्रकुमार सकलेचा परिवार ने बैठकर विधि विधान एवं मंत्रोच्चार के साथ पूजन संपन्न किया। मां सरस्वती के समक्ष धूप, दीप,फल, नैवेद्य, पुष्प आदि अष्टप्रकारी पूजन सामग्री के साथ वस्त्र आभूषण आदि अर्पण किए गए। पूजन में अन्य लाभार्थी परिवारों के साथ ही स्कूली बच्चों द्वारा भी भाग लेकर सरस्वती माता के चित्र तथा यंत्र के समक्ष पूजन संपन्न किया। सरस्वती महापूजन के लिए जैन आराधना भवन में मीनल सकलेचा एवं नेहा सकलेचा द्वारा सुंदर गहूली बनाई गई थी।



#### ज्ञान पांचम से तप आराधना प्रारंभ की

ज्ञान दायिनी श्री सरस्वती माता की आराधना जैन समाज जनों द्वारा ज्ञान पंचमी कार्तिक सुद 5 को की जाती है इसी दिन से ज्ञान आराधना का तप भी महिलाएं तथा समाजजन शुरू करते हैं। समाज की कई महिलाओं द्वारा साध्वी मंडल की प्रेरणा से इस तप की आराधना ज्ञान पांचम से प्रारंभ की गई है। इस तप के तहत आराधना करने वाले उपवास, आयंबिल, एकासना ( यथाशक्ति) के साथ 51 / 5 साथिया 51 / 5 लोगस्स का कायोत्सर्ग करते हैं तथा 20 नवकारवाली ह्रीं णमो नाणस्स कर परमात्मा के समक्ष देववंदन करते हैं। आराधक तप पूर्ण करके यथाशक्ति उजमणा भी करते हैं।

### परमात्मा की आरती कर शांति कलश किया

## सिद्धचक्र महापूजन का कार्यक्रम हुआ, सुंदर मांडले की रचना कर सामग्री अर्पण की गई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

स्थानीय जैन श्वेतांबर समाज में इस वर्ष चातुर्मास हेतु विराजित रत्न निधि व पुण्य निधि आदि ठाणा 05 की प्रेरणा एवं निश्रा में समाज में विभिन्न धार्मिक आयोजन चल रहे हैं। कार्यक्रम के अंतर्गत पद्मावती माता की आराधना का कार्यक्रम हुआ। तत्पश्चात सिद्धचक्र महापूजन का आयोजन कुमारी अदिति फाफरिया के विवाह प्रसंग निमित्त परिवारजनों द्वारा रखा गया।

शुक्रवार को जैन आराधना भवन में धर्मनिष्ठा, उदारमना कुमारी अदिति प्रकाशचंद संगीता फाफरिया के विवाह प्रसंग निमित्त परमात्मा भक्ति स्वरूप एक दिवसीय महोत्सव का आयोजन रखा गया। जिसके अंतर्गत सिद्धचक्र महापूजन का आयोजन रखा गया। जिसमें परमात्मा के साथ विभिन्न देवी देवताओं तथा अधिष्टायक देवों की पूजा कर पूजन सामग्री अर्पित की गई। वहीं परमात्मा की आरती कर शांति कलश किया गया। पूजन के तहत जैन आराधना भवन में सुंदर मांडले की रचना की गई। जिस पर पूजन के दौरान विभिन्न सामग्रियां चढ़ाई गई। कुशल विधिकारक प्रवीण भाई जैन रुणीजा व साध्वीजी द्वारा अरिहंत, सिद्ध, आचार्य, उपाध्याय, साधु भगवंत व ज्ञान, दर्शन, चारित्र, तप की पूजन के साथ देवी देवताओं की पूजन संगीत की स्वर लहरियो के साथ विधि विधान व मंत्रोच्चार के साथ संपन्न करवाई गई। इसके पूर्व सिद्धचक्र यंत्र का लाभार्थी परिवार द्वारा अभिषेक कर केसर तथा पुष्प से पूजन किया गया। पूजन में बड़ी संख्या में महिलाओं व समाजजनों द्वारा भाग लिया गया। इस अवसर पर रत्न निधिजी म.सा.ने सिद्धचक्र की महिमा का वर्णन करते हुए बताया कि इस महान यंत्र के समक्ष पूजा आराधना करने से मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है। यहां एक ऐसी पूजा है जिसमें अरिहंत सिद्ध आचार्य उपाध्याय साधु भगवंत के साथ ज्ञान दर्शन चारित्र तप व सभी देवी देवताओं के साथ कुल देवता की भी पूजन कर उन्हें पूजन सामग्री अर्पण की जाती है। पूजन उपरांत फाफरिया परिवार की ओर से जैन धर्मशाला में स्वामीवात्सल्य का आयोजन भी रखा गया। साथ ही माता पद्मावती की आराधना करने वाले सभी आराधकों के एकासने भी करवाए गए।

## दादा गुरुदेव इकतीसा पाठ का नौ दिवसीय कार्यक्रम प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा



स्थानीय जैन श्वेतांबर समाज में साध्वी मंडल की प्रेरणा एवं पावन निश्रा में ज्ञान पंचमी से दादा गुरुदेव इकतीसा पाठ का नौ दिवसीय कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है। जैन आराधना भवन में प्रतिदिन रात्रि 7.30 से 9 बजे तक दादा गुरुदेव की प्रतिमा के समक्ष सामूहिक इकतीसा पाठ का कार्यक्रम होगा। जिसमें बड़ी संख्या में समाज जन भाग लेंगे। कार्यक्रम के दौरान लकी ड्रा निकाले जाएंगे। रत्ननिधि म.सा, पुण्यनिधि म.सा आदि ठाणा 5 की निश्रा में रविवार ज्ञान पंचमी के दिन से नौ दिन तक प्रतिदिन रात्रि 7:30 बजे से 9 बजे तक उपाश्रय जी मे दादा गुरुदेव का इकतीसा पाठ प्रारंभ हुआ। जिसमें प्रतिदिन 3 लक्की ड्रा भी निकाले जाएंगे। प्रथम दिन के लक्की ड्रा और प्रभावना के लाभार्थी महेश कुमार दिलीप कुमार ठाकुरिया परिवार रहे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा



रविवार को प्रधानमंत्री के मन की बात का 127वां एपिसोड बूथ क्रमांक 199 पर अर्चना नागर मंडल महामंत्री के निवास पर देखा गया, जिसमें भाजपा कार्यकर्त्ता दिनेश धुपिया, मुन्ना गवली, मनोज गायरी, संतोष नागर, जितेंद्र सुमन, लालू जाधव एवं सभी भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बूथक्रमांक 189 वार्ड नंबर 15 में भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा मंडल नलखेड़ा की बहनों के द्वारा सुना गया। कार्यक्रम में अलका जैन मंडल अध्यक्ष, कौशल्या जायसवाल जिला मीडिया प्रभारी, सीमा बैरागी मंडल महामंत्री, पूजा चेलावत कोषाध्यक्ष, सरिता बैरागी, रेखा विश्वकर्मा, रानी परमार, रामकन्या पुष्पद आदि महिलाएं उपस्थित रहीं। इसी के साथ नगर के अन्य बूथ तथा ग्रामीण अंचल के बूथ पर भी भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने ग्रामीणों के साथ बैठकर प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को टेलीविजन पर देखा तथा सुना।

## मौसम ने ली करवटः छाए रहे बादल, बूंदाबांदी हुई

**नलखेड़ा।** रविवार को नगर सहित क्षेत्र में मौसम ने करवट ली जिसके चलते दिनभर बादल छाए रहे और बूंदाबांदी होती रही। मौसम विशेषज्ञों के अनुमान अनुसार रविवार को नगर सहित तहसील क्षेत्र में दिनभर बादल छाए रहे वहीं रुक रुक्कर फुहारें गिरती रही व बूंदाबांदी होती रही। शनिवार को भी तहसील क्षेत्र के कुछ ग्रामों में लगभग आधा घंटे तक तेज वर्षा हुई थी। मौसम के बदलने के साथ ही वातावरण में ठंडक घुल गई है। अमूमन दीपावली के आसपास क्षेत्र में ठंड अपना असर दिखाने लग जाती है लेकिन इस वर्ष अभी तक ठंड का अता पता नही था। रविवार को मौसम ठंडा होने के साथ ही अब अनुमान लगाया जा रहा है कि ठंड अपना असर दिखाएगी।

## मलेरिया, डेंगू और चिकनगुनिया से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी

**सीहोर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा वर्ष ऋतु के दौरान मलेरिया, डेंगू एवं चिकनगुनिया जैसी बीमारियों से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की गई है। जारी एडवाइजरी अनुसार कपकपी के साथ तेज बुखार, सिरदर्द, उल्टी होना, बेचैनी, कमजोरी, सुस्ती, मितली, ठंड, तपन महसूस होना आदि मलेरिया के लक्षण हो सकते हैं। जिला मलेरिया अधिकारी ने बताया कि मलेरिया से बचाव के मच्छरदानी का उपयोग करें और खिड़कियों एवं दरवाजों पर जाली लगायें। हल्के रंग के कपड़े पहनें एंव हाथ पैरों को पूरा ढ़कें। हर सप्ताह कूलर, टंकी और बैरल के पानी को बदलें। आस पास पानी को जमा न होने दें। इसके साथ ही तेज बुखार, उल्टी तथा शरीर में दर्द होने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। डेंगू फैलाने वाला मच्छर रुके हुए साफ पानी में पनपता है। कूलर, टंकी, पक्षियों के पीने के पानी का बर्तन, फ्रीज की ट्रे, फूलदान, नारियल का खोल, टूटे हुए बर्तन व टायर इत्यादि में को ढक कर रखें तथा अधिक दिनों तक यहां पानी जमा न रहने दें। यह मच्छर दिन के समय काटता है। कपड़ों से बदन को पूरी तरह ढ़ककर रखें। लक्षण दिखाई देने पर तुरंत अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर संपर्क करें।

## मध्यप्रदेश स्थापना दिवस 1 नवंबर को

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. ने जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित बैठक में आगामी 1 नवंबर को मध्यप्रदेश स्थापना दिवस को हर्षोल्लास और गरिमा के साथ मनाने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि मध्यप्रदेश स्थापना दिवस न केवल एक उत्सव है, बल्कि हमारे राज्य की उपलब्धियों, संस्कृति और नागरिक सहभागिता का उत्सव भी है।

## निर्माणाधीन दुकानों पर चली जेसीबी पीडब्ल्यूडी ने कहा जमीन हमारी





**बुधनी।** शनिवार को नगर के मुख्य मार्ग पर स्थित पीडब्ल्यूडी कार्यालय के पास किए जा रहे निर्माण कार्य को प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए हटा दिया। भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया। वहीं दूसरे पक्ष का कहना है की जमीन हमारी है। कार्यवाही के दौरान बड़ी संख्या में भीड़ जमा हो गई थी। इस दौरान निर्माण करने वाले ओर प्रशासन के बीच तीखी नोक झोंक देखने को मिली। प्रशासनिक अधिकारियों ने सख्ती दिखाते हुए कब्जे को हटाया मौके पर एसडीएम दिनेश सिंह तोमर, तहसीलदार ललित सोनी, एसडीओपी रवि शर्मा, सीएमओ संतोष रघुवंशी, पीडब्ल्यूडी कार्यपालन यंत्री आरपी गुप्ता, एसडीओ शंकरलाल रोहितास बड़ी संख्या में प्रशासनिक अमला मौजूद रहा।

इसके पहले प्रशासन ने पूर्व में शासकीय भूमि पर अवैध कब्जे को लेकर नोटिस जारी किए गए थे प्राप्त जानकारी अनुसार वार्ड नं 9 में स्थित पीडब्ल्यूडी कार्यालय के पास शासकीय भूमि खसरा नंबर 135/1 पर पड़ोस में रहने वाले माधव यादव पुत्र भैयालाल यादव के द्वारा शासकीय भूमि पर अवैध अतिक्रमण कार्य शुरू किया था जिसमे उक्त भूमि पर पक्का निर्माण कार्य चल रहा था। जिसकी शिकायत पीडब्ल्यूडी कार्यालय के अधिकारियों ने लिखित में एसडीएम को की थी। जिसको लेकर एसडीएम ने नगर परिषद को अतिक्रमण रोकने के आदेश दिए थे। जिसमे स्थानीय प्रशासन की टीम पूर्व में अतिक्रमण कार्य रोकने पहुंची थी इसके बाद प्रशासन ने अवैध कार्य रोकने के लिए नोटिस जारी किए थे।

जिसको लेकर शनिवार को प्रशासन की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंच कर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही शुरू की तो कब्जाधारी ओर प्रशासन के बीच जमकर नोक झोंक हुई। हालांकि प्रशासन ने मामले की स्थिति को भांपते हुए आसपास के थाना क्षेत्र से पुलिस बल बुला लिया था, जिसमें बड़ी संख्या में महिला पुलिसकर्मी शामिल थीं। इस दौरान पुलिस कर्मियों ने जद्दोजहद कर परिजनों को काबू में किया तब जाकर अवैध कब्जे से शासकीय भूमि पर पक्का निर्माण तोड़ा गया। तहसीलदार ललित सोनी ने कहा की पीडब्ल्यूडी की शिकायत पर अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई है। उधर माधव यादव ने कहा कि जमीन हमारी है पीडब्ल्यूडी गलत कार्यवाही करवा रही है।

### आदेश का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध होगी कार्रवाई

# कार्बाइड गन की बिक्री, खरीदी, उपयोग और भंडारण पर कलेक्टर ने लगाया पूर्णतः प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर



कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी बालागुरु के. ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा-163 के अंतर्गत जिले की सीमा के भीतर कार्बाइड गन के विक्रय, उपयोग तथा भंडारण पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाने के आदेश जारी किए हैं। कलेक्टर बालागुरू के. द्वारा जारी आदेशानुसार पटाखों एवं विस्फोटक पदार्थों के साथ कार्बाइड गन का उपयोग जन-धन की हानि और सार्वजनिक सुरक्षा के लिए खतरा उत्पन्न कर सकता है। इसी को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर बालागुरू के. द्वारा जिले में कार्बाइड गन का विक्रय, खरीद, उपयोग एवं भंडारण पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है। इस आदेश का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के अंतर्गत कार्यवाही की जाएगी।

कलेक्टर बालागुरू के. द्वारा जारी प्रतिबंधनात्मक आदेशानुसार सीहोर जिले अंतर्गत प्रतिबंधनात्मक पटाखा, आतिशबाजी, लोहा स्टील अथवा पीवीसी पाइपों में विस्फोटक पदार्थ भरकर अत्याधिक ध्वनि उत्पन्न करने वाले अवैध संशोधित पटाखे (कार्बाइड गन) तैयार कर विक्रय किए जा रहे हैं। जिससे आम नागरिकों की सुरक्षा, शांति एवं पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

**खबर संक्षेप**

## पीएमयूएम शिक्षक संघ ब्लॉक प्रभारी बने तिवारी



**चापडा।** पी. एम. यू. एम. शिक्षक संघ प्रांत अध्यक्ष मुरली मनोहर अरजरिया पवन खरे, प्रांत संयोजक एवं संस्थापक सतीश खरे, सह संस्थापक ब्रजेश असाटी की अनुशंसा पर बागली निवासी शिक्षक योगेश तिवारी को बागली ब्लॉक प्रभारी कर्मचारी कल्याण कोष के पद मनोनीत किया गया है। बी. योगेश तिवारी ने बताया है कि संघ संगठन के पदाधिकारियों ने जो भरोसा मुझ पर जताया है उस पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा और संगठन को मजबूती से आगे बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा। तिवारी के ब्लॉक प्रभारी बनने पर सभी शिक्षक साथियों ने हर्ष व्यक्त किया है।

## मानव उत्थान समिति ने किया सफाई कार्य

**देवास।** भारत सरकार के महत्वपूर्ण स्वच्छता अभियान अंतर्गत मानव धर्म के प्रणेता सद्‌गुरुदेव सतपाल महाराज की प्रेरणा से अखिल भारतीय सामाजिक व आध्यात्मिक संस्था मानव उत्थान सेवा समिति की देवास जिला इकाई द्वारा आज बागली जनपद परिसर में समिति के सेवादारों द्वारा सेवा भावना के साथ साफ सफाई सेवा कार्य किया गया। समिति के जिला सचिव व अपनी ग्राम पंचायत को वर्ष 2008 में महामहिम राष्ट्रपति द्वारा निर्मल ग्राम पुरस्कार दिलवाने वाले सरपंच प्रतिनिधि लक्ष्मण सिंह परिहार, ज्ञान सिंह चौहान, लखन सिंह राजपूत, राम सिंह बागवान, सुंदर सिंह चंदेल, राहुल चंदेल, प्रवीण बघेल आदि ने सफाई की।

### अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी की मौत के बाद शहरवासियों के साथ खेल जगत सदमे में

# जुजित्सु खिलाड़ी, मार्शल आर्ट कोच रोहिणी ने घर पर फांसी लगाकर की खुदकुशी

रोहिणी कलम सीहोर जिले के आष्टा में एक निजी स्कूल में मार्शल आर्ट कोच के रूप में थी कार्यरत

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



शहर से रविवार सुबह खेल जगत को झकझोर देने वाली खबर सामने आई। 35 वर्षीय अंतरराष्ट्रीय जु जित्सू खिलाड़ी और एशियाई कांस्य पदक विजेता रोहिणी कलम ने रविवार को आत्महत्या कर ली। वह अर्जुन नगर राधागंज स्थित अपने घर में फंदे से लटकी मिलीं। घटना का खुलासा तब हुआ जब उनकी छोटी बहन रोशनी कलम ने कमरे का दरवाजा खोलकर देखा। बहन ने तुरंत परिजनों को सूचना दी और रोहिणी को अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### आष्टा के निजी स्कूल में थी कोच

रोहिणी कलम एक दिन पहले ही अपने घर लौटीं थीं।

रोहिणी कलम सीहोर जिले के आष्टा में एक निजी स्कूल में मार्शल आर्ट कोच के रूप में कार्यरत थीं और एक दिन पहले शनिवार ही अपने घर आई थीं। परिजनो के मुताबिक रविवार सुबह तक सब कुछ सही था। रोहिणी ने परिवार के सदस्यों के साथ बैठकर नाश्ता किया लेकिन इसके बाद उसके पास एक फोन आया जिसके बाद वो कमरे में चली गई और फिर जब काफी देर तक बाहर नहीं आई तो दरवाजा तोड़ने पर पता चला कि उसने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली है। घटना के समय रोहिणी की मां एक अन्य बेटी के साथ देव दर्शन के लिए बाहर गई थीं, जबकि पिता भी किसी कार्य से घर से बाहर थे।

### बड़े पदक किए नाम

रोहिणी जुजित्सु की इंटरनेशनल प्लेयर थी और उसने पिछले साल ही अबू धाबी में हुए इंटरनेशनल जुजित्सु टूर्नामेंट में




कांस्य पदक जीता था। रोहिणी कलम ने वर्ष 2007 में अपने खेल करियर की शुरुआत की थी और 2015 से पेशेवर रूप से जुजुत्सु (जापानी मार्शल आर्ट) से जुड़ी थीं। इसके अलावा, वह भारतीय जुजुत्सु संघ की महासचिव के पद पर भी कार्यरत थीं।

### पुलिस का कहना

पुलिस को घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है जिसके कारण आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो



पाया है। बीएनपी थाना प्रभारी अमित सोलंकी ने बताया कि रविवार दोपहर 2 बजे हमें सूचना मिली कि 32 वर्षीय लड़की जिसका नाम रोहिणी कलम है, जो अंतर्राष्ट्रीय जु जित्सू खिलाड़ी है को मृत अवस्था में उनके परिजनों द्वारा जिला अस्पताल लाया गया है। थाना बीएनपी में मर्ग पंजीबद्ध कर शव का पोस्टमार्टम करवाया गया है अग्रिम कार्रवाई और जांच की जा रही है। मृतिका के परिजन अभी बाहर हैं उनके बयान लेने के बाद ही किसी निष्कर्ष पर पहुंचा जाएगा।

# तीन गुमशुदा नाबालिग बालकों को बरोठा पुलिस ने चंद घंटों में ढूंढ निकाला

**परिजनों के चेहरों पर लौटाई मुस्कान**



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शनिवार को थाना बरोठा पर ग्राम कालोदिया के कुछ ग्रामीणजनों ने थाना उपस्थित होकर रिपोर्ट की कि गांव के तीन नाबालिग बालक शुक्रवार सुबह से घर से बिना बताए कही चले गये हैं। परिजनों द्वारा स्वयं तलाश किए जाने पर यह ज्ञात हुआ कि तीनों बालक एक ढाबे पर देखे गए थे, जहां वे रात में रुके थे,परंतु प्रातः वहां से कहीं चले गए। मोबाइल फोन बंद आने से किसी अप्रिय घटना की आशंका है। उक्त घटना से तत्काल वरिष्ठ अधिकारियो को अवगत कराया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए एसपी पुनीत गहलोद ने तत्काल नाबालिग बालकों की दस्तयाबी हेतू निर्देशित किया जिस पर एएसपी जयवीर सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बरोठा अजय गुर्जर के नेतृत्व में 03 विशेष पुलिस टीमों का गठन कर आस-पास के सीसीटीव्ही कैमरा चेक कर मुखबिर तंत्र सक्रिय किये गये एवं संभावित स्थलों की सघन तलाश प्रारंभ की। टीम द्वारा सोनकच्छ से आष्टा के बीच स्थित एक ढाबे पर पहुंचकर सीसीटीव्ही फुटेज का अवलोकन किया गया,जिसमें तीनों बालक रात्रि में वहीं रुकते हुए दिखाई दिए। इसके आधार पर टीम ने नेवरी फाटा क्षेत्र में लगे कैमरों की जांच की, जिनमें बालक पैदल नेवरी की ओर जाते दिखाई दिए। पुलिस ने आसपास के गांवों में बनाये गये व्हाट्सएप ग्रुप में उक्त तीनों बालिकों की जानकारी साझा की। विश्वसनीय मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि बालकों को खेतों की दिशा में जाते हुए देखा हैं। पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में गहन सर्चिंग की गई और सक्रियता दिखाते हुए ग्राम पंदा जागीर के पास खेतों से तीनों बालकों को सुरक्षित बरामद किया, जिन्हें थाना लाकर परिजनों को सकुशल सौंपा गया।पूछताछ में बालकों ने बताया कि वे घर से नाराज़ होकर बाहर काम करने के इरादे से बिना बताए चले गए थे । पुलिस द्वारा परिजनों को समझाइश देकर बच्चों को सुपुर्द किया गया। उक्त सराहनीय कार्य में थाना प्रभारी बरोठा निरीक्षक अजय गुर्जर,उनि कविता माले, सउनि ईश्वर मंडलोई, प्रआर तेजसिंह, आर विजेन्द्र,पियूष, अशोक एवं सायबर सेल टीम से प्रआर सचिन चौहान एवं शिवप्रताप सिंह सेंगर की सराहनीय भूमिका रही।

## भाजपा जिला अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं के साथ सुनी 'मन की बात'



**देवास।** भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष रायसिंह सैंधव ने पीएम नरेंद्र मोदी के मासिक संवाद कार्यक्रम 'मन की बात' के 127वें संस्करण को वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व पार्षद बजरंगलाल बैरवा के निवास पर देवास विधानसभा के मतदान केंद्र क्रमांक 278 पर भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ सुना।कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री मोदी के प्रेरणादायक विचारों को ध्यानपूर्वक सुना गया और उनके संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। इसी क्रम में जिले के सभी बूथों पर भी 'मन की बात' कार्यक्रम का सामूहिक श्रवण किया गया।'मन की बात' के उपरांत भाजपा जिला अध्यक्ष ने बूथ क्षेत्र में घर-घर संपर्क अभियान चलाकर 100 से अधिक स्वदेशी संकल्प पत्र भरवाए और नागरिकों के साथ मिलकर आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का संकल्प लिया।इस अवसर पर अर्जुन चौधरी, विजय गहलोत, राजा अकोदिया, दुर्गेश चिल्लोरिया, जुबेर लाला, बजरंगलाल बैरवा, सुशील परमार, रमेश चंद्रावत सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं बूथ समिति सदस्य उपस्थित रहे।कार्यक्रम की जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी कमल अहिरवार ने दी।

# जादौन श्री राजपूत करणी सेना के नगर अध्यक्ष बने, दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

देश के सबसे बड़े राजपूत संगठनों में से एक श्री राजपूत करणी सेना द्वारा देवास जिले में महत्वपूर्ण नियुक्ति की गई है। युवराज सिंह जादौन को देवास नगर अध्यक्ष के पद की ज़िम्मेदारी सौंपी गई है। यह नियुक्ति प्रदेश अध्यक्ष सहेंद्र सिंह दीक्षित एवं कार्यकारिणी प्रदेश अध्यक्ष विशाल सिंह रघुवंशी द्वारा की गई। नई ज़िम्मेदारी मिलने के बाद युवराज सिंह जादौन ने संगठन के उद्देश्यों और राजपूत समाज के गौरव को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त की। संगठन के पदाधिकारियों का मानना है कि युवराज सिंह जादौन के नेतृत्व में देवास शहर में संगठन और अधिक मजबूत होगा तथा



सामाजिक उत्थान, युवा जागरूकता और समाजिक एकता के लिए प्रभावी कार्य किए जाएंगे। जादौन की नियुक्ति पर शहर एवं संगठन के सदस्यों व इष्टमीत्रो ने हर्ष व्याप्त कर बधाई दी।

## कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष का चापड़ा में हुआ स्वागत



**चापडा।** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी रविवार को इंदौर से कन्नौद की ओर जाते समय चापडा पहुंचे। जहां पर चापडा चौराहे पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा पटवारी का स्वागत किया गया। इस दौरान चौराहे पर सभी कार्यकर्ता एकत्रित हुए और पटवारी से मुलाकात कर संगठन को लेकर चर्चा की गई। सभी कार्यकर्ताओं ने पुष्प माला से पटवारी का स्वागत किया। इस अवसर पर दिलीप गुर्जर ,रामेश्वर गुर्जर, अशोक पटेल, रघुनाथ सिंह चौहान, लीलाधर जाट, कमल मस्कोले ,नंदू रावत, रोहित राजपूत, अनारसिंह सेंधव सही बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मंत्री विजयवर्गीय 29 को भौरासा नगर को देंगे करोड़ों की सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा



प्रदेश के नगरी विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गी का आगामी 29 अक्टूबर बुधवार को सोनकच्छ विधानसभा का दौरा प्रस्तावित है। मंत्री विजयवर्गीय के दौरे को लेकर तैयारियां शुरू हो गई है। विधायक डॉ. राजेश सोनकर द्वारा विधानसभा के सभी पांचो भाजपा मंडलों के कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर दौरे की जानकारी देते हुए व्यवस्थाएं करने के लिए निर्देशित किया गया है। साथ ही स्वागत की तैयारी भी शुरू कर दी गई है।

मंत्री विजयवर्गीय संवरसी में शहीद संजय मीणा के घर जाकर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। मंत्री विजयवर्गीय का दौरा नगर परिषद भौरासा से शुरू होगा। यहां पर विभिन्न विकास कार्यों का भूमि पूजन होगा। इसके बाद मंत्री ग्राम संवरसी में शहीद संजय मीणा के घर जाकर



श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।

टोंकखुर्द में एसडीएम कार्यालय राजस्व के नवनिर्मित कार्यालय का लोकार्पण, खरेली में हायर सेकेंडरी स्कूल के नवीन भवन का लोकार्पण, चिडावद में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के नवीन भवन का लोकार्पण सहित अन्य गांवों में भी विकास कार्यों का लोकार्पण तथा भूमि पूजन करेंगे।साथ ही भौरासा नगर में बस स्टैंड से लेकर आजाद चौक तक बनने वाले रोड, सिकखेड़ी रोड व काकड़दा रोड सहित अन्य रोड का लोकार्पण करेंगे। वार्ड नंबर 2 श्मशान घाट मार्ग, वार्ड नंबर 6 मंत्री जी वाली गली, भंवरनाथ मार्ग, वार्ड नंबर 8 पंडकपाल रोड सहित अन्य विकास कार्यों का भूमि पूजन करेंगे।

# खेड़ापति हनुमान मंदिर में मां चामुंडा सेवा समिति ने खेड़ापति रामायण मंडल का किया अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

एमजी रोड स्थित खेड़ापति हनुमान मंदिर में रविवार को अन्नकूट के दौरान मां चामुंडा सेवा समिति द्वारा समिति संयोजक रामेश्वर जलोदिया के नेतृत्व में पुजारी लीलाधर उपाध्याय परिवार व 12 माह सेवा करने वाले खेड़ापति रामायण मंडल के भक्तों का शाल, श्रीफल, मां तुलजा भवानी, मां चामुंडा की तस्वीर भेंट कर पुष्माला पहनाकर अभिनंदन किया। मुख्य अतिथि बैंक नोट प्रेस के उप महाप्रबंधक अभिराजसिंह ठाकुर, मीनल ठाकुर, नारायण व्यास, शंकरलाल शर्मा थे। मुख्य पुजारी लीलाधर उपाध्याय, परिवार व मंडल के लीलाधर उपाध्याय, हरिनारायण विजयवर्गीय, कल्याण भूतड़ा, प्रहलाद अग्रवाल, मनोहर कौशल, रामरतन वर्मा, अशोक जीनवाल, गणेश विजयवर्गीय, नवीन जोशी, ओम राठौड़, रामदास



पटेल, शैलेंद्र जोशी, राजेंद्र पांचाल आदि का शाल-श्रीफल, चुन्नी, मां तुलजा भवानी व मां चामुंडा की तस्वीर भेंट कर पुष्पमाला पहनाकर अभिनंदन किया गया। जलोदिया ने कहा कि सेवा ही परमो धर्म है। 12 माह सेवा एवं धर्म के कार्य में अग्रणी रहने वाले का सम्मान करना हमारा परम सौभाग्य है। इस अवसर पर विनोद जयसवाल, नरेंद्र मिश्रा, उम्मेदसिंह राठौड़, राजेश गोस्वामी, राधेश्याम सोनी, प्रदीप लाठी, अनिलसिंह सिकरवार, अमित बागलीकर, मातृशक्ति मंजू जलोदिया, प्रेमलता चौहान, दुर्गा व्यास, संगीता जोशी आदि उपस्थित थे।

### कर्मचारी कॉलोनी सदभावना मंडल का दीपावली मिलन समारोह संपन्न

# भक्ति रस से सराबोर होकर भजनों पर झूम-झूम कर लिया आनंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

कर्मचारी कॉलोनी सदभावना मंडल द्वारा दीपावली मिलन समारोह आयोजन रखा गया जिसमें कर्मचारी कॉलोनी के सभी निवासी बड़े उत्साह और स्नेह के साथ इस कार्यक्रम में उपस्थित हुए। पुरा वातावरण 'जय श्री राम' के जयकारों से गूंज उठा और भक्तिभाव से ओतप्रोत सुंदरकांड पाठ ने सबके मन को आल्हादित कर दिया। महिलाओं ने भक्ति रस से सराबोर होकर भजनों पर झूम-झूम कर आनंद लिया और पूरे परिसर में एक अद्भुत आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हुआ। अंत में अन्नकूट के प्रसाद का वितरण हुआ, जहाँ सभी भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर भगवान श्रीराम के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। इस अवसर पर अध्यक्ष शैलेन्द्र जैन, सचिव संजय तिवारी (गुड्डू), कोषाध्यक्ष संतोष सावंत, राजू मल्होत्रा, विनोद महेश्वरी, मुन्ना जायसवाल, संजय खंडेलवाल, देव चौरसिया, बंटी चौधरी, जितेन्द्र जायसवाल, गौरव व्यास, मुकेश तिवारी, महिला कार्यकारणी




सदस्य राखी झालानी, स्वाति कुमार, नलिनी शर्मा, सारिका यादव, ज्योति जायसवाल, वरिष्ठ रहवासी डॉ. कुमार, राधेश्याम सोनी, किशोर पंड्या, सुभाष जैन, चंद्रकांत दीक्षित, अखिल ब्राह्मण देवास समाज अध्यक्ष दिनेश मिश्रा, धर्मेन्द्र मिश्रा सहित कर्मचारी कॉलोनी के रहवासी उपस्थित रहे। उक्त कार्यक्रम में महिला बाल विकास अंतर्गत बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष सीमा यादव ने अपना उद्बोधन दिया जिसमें महिला शक्तिकरण एवं आज के दौर में महिला की क्या भूमिका होनी चाहिए के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम की उक्त जानकारी सचिव संजय तिवारी ने दी।

### जनप्रतिनिधियों का मिलन समारोह



**भौरासा।** दीपावली का त्यौहार समाप्त होने के साथ ही अब नेताओं का दीपावली मिलन समारोह शुरू हो गया है जहां बीजेपी कांग्रेस के नेताओं के द्वारा अपने-अपने कार्यकर्ताओं व समर्थकों के लिए मिलन समारोह आयोजित करने का सिलसिला नगर में शुरू हो गया है। इस आयोजन में नेताओं द्वारा अपने समर्थको को नाश्ता एवं भोजन कराया जा रहा है। देवउठनी ग्यारस तक यह सिलसिला चलता रहेगा। इस तरह के मिलन समारोह के आयोजन के सिलसिले की शुरुआत दीपावली से सिलसिलेवार जारी है। जगह-जगह समाज के मिलन समारोह भी आयोजित हो रहे हैं।

# बारिश से बदला मौसम तापमान में आई गिरावट



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शहर में रविवार सुबह से ही बादल छाए रहे। मौसम का मिजाज बदला नजर आया। सुबह 11.30 बजे से रुक-रुक कर रिमझिम बारिश हुई। इससे शहर के तापमान में गिरावट दर्ज की गई और ठंडक बढ़ गई। पिछले दो दिनों से जारी इस बदलाव के कारण रविवार को शहर का अधिकतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अधिकतम तापमान में पिछले एक दिन में 5 डिग्री सेल्सियस की कमी आई है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले दो दिनों तक इसी तरह का मौसम बने रहने की संभावना है। आने वाले दिनों में ठंड का असर और बढ़ेगा तथा तापमान में और गिरावट आएगी। किसानों का कहना है कि रबी सीजन से पहले हो रही इस बारिश से कुछ किसानों को फायदा होगा, जबकि सोयाबीन कटाई में देरी करने वाले किसानों को नुकसान उठाना पड़ सकता है।

## खबर संक्षेप

### मंदिर से लौट रहे युवक पर पत्थर से कर दिया हमला

**ललितपुर**। थाना बालाबेहट अंतर्गत ग्राम वंशा बम्हौरी निवासी आशीष यादव पुत्र जगदीश ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीती 22 अक्टूबर की रात करीब 9.30 बजे वह मंदिर से आरती करके घर लौट रहा था। वह जैसे ही गांव के साजन पुत्र स्व.कमलापति के घर के सामने पहुंचा तो गांव के शिशुपाल पुत्र किशन यादव ने गालियां दीं। मना करने पर पर शिशुपाल ने उसे लाठी-डण्डों व पत्थरों से मारपीट करने लगा। शोरगुल सुनकर गांव के केशव पुत्र मुलायम, जीवन पुत्र रामबाबू यादव ने बचाया। शिशुपाल ने उसे जान से मारने की धमकी दी और भाग गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर परएफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### बैंक में जमा रकम की लालच में युवती को भगाने का आरोप

**ललितपुर**। शहर क्षेत्र के एक मोहल्ला में रहने वाले व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 23 अक्टूबर को अपराह्न करीब 3.30 बजे उसकी 26 वर्षीय बहन को आरएमवी कांशीराम कालोनी में रहने वाला सागर सोनी पुत्र ब्रजनारायण सोनी बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। पीड़ित ने बताया कि उसकी बहन के यूको बैंक खाते में पूरे परिवार के रुपये भी जमा हैं, उन्हीं रुपयों की लालच में सागर सोनी उसकी बहन को भगा ले गया है। इस मामले में सागर का पिता ब्रज नारायण सोनी भी शामिल है। पीड़ित ने आरोप लगाया कि सागर सोनी एक आपराधिक किस्म का व्यक्ति है और वह उसकी बहन से अगले माह शादी करने वाला है। इसलिए पीड़ित ने मामले में कार्यवाही किये जाने की गुहार लगायी है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने सागर सोनी के खिलाफ बीएनएस की धारा 87 व 61 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### तालबेहट के मऊ प्रकरण में पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

**ललितपुर**। कोतवाली तालबेहट के ग्राम मऊ में हुये विवाद को लेकर पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने सात नामजद समेत अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। मऊ निवासी रामसहाय दुबे ने पुलिस को बताया कि 24 अक्टूबर की शाम करीब 7 बजे उसका भतीजा अंश दुबे पुत्र अवधशरण दुबे गांव के चौराहा पर खड़ा था। तभी पुरानी रंजिश को लेकर गांव के जगदीश पुत्र गजराज सिंह, सुरेन्द्र प्रताप सिंह, चन्द्रप्रताप सिंह व नरेन्द्र प्रताप सिंह पुत्रगण जगदीश, आयुष, पीयूष पुत्रगण राजबहादुर सिंह एकराय होकर आये और अपने हाथों में लाठी-डण्डा, देशी तमंचा लिये हुये थे। आरोप है कि अपने अज्ञात साथियों के साथ उक्त लोगों ने गालियां देते हुये हमला कर दिया। मौके पर रामनिवास, चंचल, रामेश्वर प्रसाद, सुनील पर कुल्हाड़ी से हुये हमले में घायल हो गये। सभी घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तालबेहट में भर्ती कराया गया। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

---

बुंदेलखंड प्रांत निर्माण के लिए ग्राम सिलगन में जन जागरण रैली निकाली

# रामराज्य की परिकल्पना बुंदेलखंडवासियों की खुशहाली व विकास के बिना असंभव : कपूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



बुन्देलखण्ड विकास सेना प्रमुख हरीश कपूर टीटू के नेतृत्व में पृथक बुन्देलखण्ड प्रान्त निर्माण के जनजागरण के लिए एक दोपहिया वाहन रैली ललितपुर से ग्राम सिलगन तक एक दोपहिया वाहन रैली निकाली गई। इस मौके बुन्देलखण्ड प्रांत निर्माण के गगनभेदी नारों से वातावरण गुंजायमान हो गया। वाहन रैली के दौरान सिलगन ग्रामप्रधान पूरन सिंह की अगुवाई में 40 ग्रामीणों ने बुन्देलखण्ड विकास सेना की सदस्यता ग्रहण की गई। इस मौके पर बु. वि. सेना प्रमुख हरीश कपूर टीटू ने कहा कि राम राज्य की परिकल्पना बुन्देलखण्ड वासियों की समग्र खुशहाली और विकास के बगैर असम्भव है। उन्होंने जनजागरण रैली में ग्रामीणों से सहयोग और समर्थन मांगा और बुन्देलखण्ड प्रान्त निर्माण के औचित्य के बारे में विस्तार से बताया गया । इस मौके पर बु. वि. सेना के तार्किक सहयोग के आवाहन से प्रभावित होकरद्ध40 लोगों ने बु. वि. सेना की सदस्यता ग्रहण करते हुए दोपहिया वाहन रैली में सहयोग का आश्वासन दिया। बु.वि. सेना प्रमुख टीटू कपूर ने कहा कि हमारा संगठन आगे भी ऐसी जनजागरण अभियानों और चौपालों का आयोजन करता रहेगा । जन-जागरण रैली के दौरान सिलगन ग्रामप्रधान पूरन सिंह बुदेनिया , हाकिम सिंह , गफूर खां , राजकुमार कुशवाहा , कदीर खां, खुशाल बरार , विनोद साहू , भैयन कुशवाहा , बलराम बाल्मीक, संजू राजा, रामप्रकाश झा,भजन कुशवाहा , मुन्ना महाराज त्यागी, पंचम झा,जाहर सिंह , हमीद खां , जगन लोधी , जनकू कुशवाहा , छोटे राजा , भागीरत राजपूत , अनश खां , गफ्फार खान,अकवर खां, जितेन्द्र राजा, अखिलेश राजपूत, रामनरेश, शब्बीर खां,शकूर खां , अमित कुमार राजपूत , चटकन राजा , हरनारायण लोधी,तिलक राजपूत , सुरेन्द्र रजक , अज्जुदी , भजन कुशवाहा हाकिम राजा, छोटे राजा, प्रकाश महाराज, हर नारायण राजपूत जाहरसिंह राजपूत, भागीरथ राजपूत अखिलेश राजपूत, अमित राजपूत, अकबर खां, जगन राजपूत, अजुद्दी राजपूत, अमित पाल, गफ्फार खां, अभिषेक राजा, जनकू कुशवाहा, सोहिब खां, सब्बीर खां, हमीद खां , नितेन्द्र राजा, हाकिम राजपूत, रामाभाई, सविता पाल, आरती अहिरवार, सेवन्ती पाल आदि मौजूद रहे।

**सिलगन में 40 ग्रामीणों ने बुंदेलखंड विकास सेना की सदस्यता ग्रहण की**

---

करीला माता मंदिर से लौट रहे थे श्रद्धालु

# अनियंत्रित होकर पलटी ट्रैक्टर-ट्रॉली दो लोगों की मौत, एक दर्जन घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

मध्य प्रदेश के अशोकनगर जिले में शनिवार शाम बड़ा सड़क हादसा हो गया। करीला माता मंदिर से दर्शन कर लौट रहे श्रद्धालुओं की ट्रैक्टर-ट्रॉली मदऊखेड़ी गांव के पास अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में ललितपुर जिले की एक महिला और एक बच्ची की मौत हो गई, जबकि 7 बच्चों समेत 15 से अधिक लोग घायल हुए हैं। जैसे ही ट्रॉली पलटी, उसमें सवार लोगों में चीख-पुकार मच गई। आसपास के ग्रामीण मौके पर दौड़े और ट्रॉली के नीचे दबे लोगों को निकालने में मदद की। कई घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। हादसे के बाद पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल रहा।

### मृतक और घायलों की पहचान

मृतकों की पहचान ललितपुर जिले के थाना नाराहट क्षेत्र के ग्राम उमरिया निवासी गोमती कुशवाहा (50 वर्ष) पत्नी छलू और अरुदीप (10 वर्ष) पुत्री नारायण के रूप में हुई है। गंभीर रूप से घायल ममतेश पत्नी उपेंद्र और लक्ष्मी पत्नी सुखनंदन को इलाज के लिए अशोकनगर जिला अस्पताल रेफर किया गया है। जबकि अन्य घायलों में गिन्नी पुत्र इंद्रपाल, 58 वर्षीय केशर पत्नी उज्जवल अहिरवार, आठ वर्षीय राखी पुत्री लल्लू अहिरवार, 12 वर्षीय संस्कृति पुत्री राजकुमार कुशवाह, 14 वर्षीय अर्चना पुत्री अरविंद कुशवाह, 19 वर्षीय सृष्टि पुत्री लालाराम कुशवाह, 60 वर्षीय सिंगार पत्नी गोरेलाल अहिरवार), 45 वर्षीय बेबी राजा पत्नी हरपाल सिंह परमार, 4 वर्षीय मिस्टी राजा पुत्री भूपेंद्र सिंह परमार, 28 वर्षीय रुचि राजा पत्नी भूपेंद्र सिंह परमार, 5 वर्षीय गौरी राजा पुत्री भूपेंद्र सिंह परमार, 7 वर्षीय राजवीर राजा पुत्र भूपेंद्र सिंह परमार, 35 वर्षीय गेंदाबाई पत्नी सूर्यकान कुशवाह, 12 वर्षीय प्रदीप पुत्र सूर्यकान कुशवाह और 30 वर्षीय भानकुंवर पत्नी धनश्याम शामिल बताये गये हैं।

### अधिकारी मौके पर पहुंचे

घटना की जानकारी मिलते ही एसडीएम इसरार खान, थाना प्रभारी जोगिंदर यादव और तहसीलदार सहित प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंचा। अधिकारियों ने अपने वाहनों से घायलों को अस्पताल पहुंचाया। जिला अस्पताल में घायलों का इलाज जारी है।

### श्रद्धालु उमरिया गांव के थे

बताया गया कि उत्तर प्रदेश के ललितपुर जिले के उमरिया गांव से करीब 20 लोग शनिवार सुबह करीला माता मंदिर दर्शन के लिए गए थे। शाम को लौटते समय मदऊखेड़ी के पास ट्रॉली के पलटने से यह हादसा हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

---

करंट लगने से हुई निजी कर्मचारी की मौत

# कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन, परिवार को आर्थिक सहायता दिलाने की मांग



**ललितपुर**। माताटीला रेलवे स्टेशन पर 25 अक्टूबर को करंट लगने से एक निजी कम्पनी के कर्मचारी की मौत हो गई। इस घटना के विरोध में रविवार को मृतक के परिजनों ने रेलवे स्टेशन के पास सीनियर इंजीनियर विद्युत कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया। परिजनों ने निजी कम्पनी के कर्मचारियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कार्रवाई और मृतक के परिवार को आर्थिक सहायता की मांग की। मौके पर आरपीएफ और जीआरपी के कर्मचारी भी मौजूद रहे। कोतवाली सदर के नेहरू नगर निवासी 27 वर्षीय शिवम रायकवार पुत्र स्व.बलीराम ललितपुर रेलवे में कार्यरत एक निजी कम्पनी में टेक्नीशियन के पद पर पिछले एक साल से काम कर रहे थे। 25 अक्टूबर शनिवार को शिवम अपने दो अन्य साथियों, साबिर सहित माताटीला रेलवे स्टेशन के पास एक विद्युत खंभे पर एटी (अर्थिंग) का काम करने गए थे। सुबह करीब 11 बजे खंभे पर चढ़ते समय उन्हें अचानक करंट लगा और वे 12 फीट की ऊंचाई से नीचे गिर गए। साथ में काम कर रहे साबिर और अन्य साथियों की मदद से शिवम को तुरंत तालबेहट स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। रविवार सुबह 11 बजे मृतक के परिजन, रिश्तेदार और मोहल्ले के लोग ललितपुर रेलवे स्टेशन के पास सीनियर सेक्शन इंजीनियर कार्यालय के सामने धरने पर बैठ गए।

उन्होंने बताया कि शिवम अपने पिता के निधन के बाद परिवार में इकलौते बेटे थे और उनकी पत्नी गर्भवती हैं। परिजनों ने मांग की कि मृतक के परिवार को आर्थिक सहायता राशि दी जाए और परिवार के एक सदस्य को नौकरी प्रदान की जाए। परिजनों का आरोप है कि कंपनी द्वारा शिवम को कोई भी सुरक्षा उपकरण नहीं दिए गए थे और न ही काम के दौरान मौके पर कोई सुपरवाइजर मौजूद था। झांसी रेल मंडल के पीआरओ मनोज कुमार ने इस पूरे मामले की जांच कराने का आश्वासन दिया है।

---

पटेल समाज के लोगों की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय

# सरदार पटेल जयंती की रूपरेखा तय भव्य शोभायात्रा होगी आकर्षण का केंद्र



**ललितपुर**। युवा शक्ति और संगठन की एकजुटता का परिचय देते हुए युवा पटेल वाहिनी जिलाध्यक्ष सुजान पटेल के नेतृत्व में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती धूमधाम से मनाने की तैयारी जोरों पर है। इसी को लेकर कंपनी बाग में पटेल समाज के लोगों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें आगामी शोभायात्रा, पुष्पांजलि कार्यक्रम और समाजिक एकता सम्मेलन की रूपरेखा तय की गई। बैठक में बड़ी संख्या में पटेल समाज के युवा उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में कहा कि लौह पुरुष सरदार पटेल न केवल भारत की एकता और अखंडता के प्रतीक थे, बल्कि उन्होंने देश की आज़ादी के बाद रियासतों को जोड़कर अखंड भारत का निर्माण किया। उनके आदर्शों और राष्ट्रप्रेम की भावना से प्रेरणा लेते हुए समाज के युवाओं ने एकता, सेवा और संगठन के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि सरदार पटेल का जीवन देशभक्ति, निष्ठा और कर्मठता का प्रेरणास्त्रोत है। उनके दिखाए मार्ग पर चलकर ही हम सशक्त समाज और सशक्त भारत का निर्माण कर सकते हैं। राहुल पटेल, संतोष पटेल, संजय कुर्मी, नीलेश प्यासा, विवेक पटेल, नितेश पटेल शिक्षक, राजेश पटेल, कल्यान पटेल शिक्षक, हरीशंकर पटेल, जाहर नेता, प्रिंस पटेल, रामजी पटेल एवं उपेंद्र पटेल मौजूद रहे।

---

कलचुरी समाज द्वारा तैयारियां जोरों पर चल रही

# सहस्त्रबाहु अर्जुन जन्मोत्सव मनाया जाएगा कल



**ललितपुर**। 28 अक्टूबर को भगवान राजराजेश्वर सहस्त्रबाहु अर्जुन का जन्मोत्सव पूरे हर्ष और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस उपलक्ष्य में कलचुरी समाज द्वारा तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। इस संबंध में रविवार को कलचुरी भवन, ललितपुर में कलचुरी महासभा की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष शालिकराम राय ने की। बैठक में आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। महासभा के पदाधिकारियों ने बताया कि जन्मोत्सव के दिन ललितपुर शहर में भव्य चल समारोह एवं शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें समाज के सैकड़ों श्रद्धालु शामिल होंगे। यह जुलूस शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए कलचुरी भवन पहुंचेगा, जहां भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन की पूजा-अर्चना, कथा, आरती एवं भंडारा जैसे धार्मिक कार्यक्रम संपन्न होंगे। जिलाध्यक्ष शालिकराम राय ने बताया कि भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन समाज के आदर्श पुरुष हैं, जिन्होंने धर्म, नीति और न्याय की रक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित किया। उनके आदर्श आज भी समाज को एकता, साहस और परोपकार का संदेश देते हैं। उन्होंने कहा कि सभी समाज बंधु इस अवसर पर अपने घरों में दीप प्रज्वलित करें, भगवान की प्रतिमा स्थापित कर पूजा करें, भजन-कीर्तन का आयोजन करें और परिवार के सदस्यों को भगवान के जीवन से प्रेरणा लेने के लिए प्रेरित करें। महासभा ने सभी लोगों से अपील की कि वे शोभायात्रा मार्ग पर फल, मिठाइयों, शीतल पेय और प्रसाद का वितरण करें, साथ ही पुष्प वर्षा और आतिशबाजी से वातावरण को भक्ति भाव से सराबोर करें। समाज के प्रत्येक वर्ग को इस कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया है ताकि मिलकर इस पवित्र पर्व की शोभा बढ़ाई जा सके। आयोजन की विभिन्न समितियों का गठन भी किया गया, जिनमें स्वागत समिति, प्रसाद समिति, सजावट समिति और व्यवस्था समिति शामिल हैं। पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गईं।

---

# ससुरालियों पर दहेज मांगने पर एफआईआर

ललितपुर।

शादी के बाद पत्नी के नाम से लोन करा लेने और अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करने का मामला प्रकाश में आया है। इस सम्बन्ध में कोतवाली क्षेत्रांतर्गत मोहल्ला गोविन्दनगर निवासी निशाद पुत्री लियाकत ने पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने महिला की तहरीर पर ससुरालियों पर एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। निशाद ने पुलिस को बताया कि आठ साल पहले उसकी शादी सहारनपुर निवासी हिफजुर रहमान के साथ हुयी थी। शादी में उसके परिजनों ने करीब 6 लाख रुपये खर्च किये थे। शादी के बाद उसे एक पुत्र हुआ, जो कि अब सात वर्ष का है और वह भी दिमागी रोग से पीड़ित है। आरोप है कि शादी के दो वर्ष बाद ही ससुराली उसे परेशान करने लगे और उसके आभूषण बैंक में रखकर 1.80 लाख रुपये का लोन उसके नाम से निकलवा लिया। बताया कि उसके परिजनों ने कई बार ससुरालियों को रुपये भी दिये, बावजूद इसके ससुराली उसे प्रताड़ित कर रहे हैं।

### खदान में उतराता मिला युवक का शव

निकटवर्ती ग्राम रजवारा में रविवार सुबह एक युवक का शव पानी से भरी खदान में उतराता मिला। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। खदान के बाहर मृतक के कपड़े और चप्पल मिले, जिससे आशंका जताई जा रही है कि युवक नहाते समय पानी में डूब गया। ग्रामीणों ने बताया कि गांव के पीछे स्थित तालाब के निकट खदान में शव उतराता देख उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को बाहर निकाला, जिसकी पहचान गांव निवासी 35 वर्षीय अशोक रायकवार पुत्र कृष्णा के रूप में हुई। ग्रामीणों के अनुसार, मृतक अशोक दो भाइयों में छोटा था और मछली पकड़कर अपना गुजारा करता था। उसकी पत्नी 15 साल पहले उसे छोड़कर चली गई थी, जिसके बाद वह अपने माता-पिता के साथ रह रहा था। उसका भाई किसी दूसरे शहर में मजदूरी करता है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सदर अनुराग अवस्थी ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। मौत का कारण पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा।

---

सपा ने मनाई जयंती, अर्पित की गई पुष्पांजलि

# संत नामदेव महाराज ने समाज को दिया प्रेम व सद्भावना का संदेशः नेपाल सिंह



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय में संत शिरोमणि नामदेव महाराज जी की जयंती बड़े ही श्रद्धा और भक्ति भाव से मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह ने की। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में स्नातक विधायक डा मानसिंह यादव मौजूद रहे। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह ने संत नामदेव महाराज के जीवन और उनके उपदेशों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संत नामदेव ने समाज में प्रेम, समानता और मानवता का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे संतों के आदर्श आज भी समाज को एकता और सद्भाव की राह दिखाते हैं।कार्यक्रम में मौजूद कार्यकर्ताओं ने संत नामदेव महाराज के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस दौरान मुख्य अतिथि डॉ मानसिंह यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा ऐसे महान संतों के बताए रास्ते पर चलने का प्रयास करती है, जिन्होंने समाज में भेदभाव मिटाकर सभी को एक करने का काम किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, समर्थक और पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में संत नामदेव महाराज के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इस दौरान जिला महासचिव डा शिशुपाल सिंह लोधी, शिक्षक विधायक प्रतिनिधि विजय यादव, जिला उपाध्यक्ष भजनलाल कुशवाहा, जिलाध्यक्ष लोहिया वाहिनी परवेज पठान, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष नरेंद्र सिंह राजपूत, वरिष्ठ नेता रामनरेश यादव, आसिफ खजुरिया आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

---

पत्रकारों ने मनाई अमर शहीद गणेश शंकर विद्यार्थी की जयंती

# विद्यार्थी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर जीवन पर डाला प्रकाश



**ललितपुर**। पत्रकारिता के पुरोधा और महान स्वतंत्रता सेनानी अमर शहीद गणेश शंकर विद्यार्थी की जयंती सुपर मार्केट स्थित पत्रकार भवन में श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर पत्रकारों और साहित्य प्रेमियों ने विद्यार्थी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। अध्यक्षता प्रेस क्लब के अध्यक्ष राजीव बबेले सप्पू ने की, जबकि संचालन महामंत्री अमित सोनी ने किया। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रेस क्लब के अध्यक्ष राजीव बबेले सप्पू ने विद्यार्थी जी के महान त्याग और समर्पण को याद करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प दोहराया। महामंत्री अमित सोनी ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।कार्यक्रम में वक्ताओं ने अमर शहीद गणेश शंकर विद्यार्थी के प्रेरक जीवन परिचय पर विस्तार से प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि गणेश शंकर विद्यार्थी का जन्म 26 अक्टूबर 1890 हुआ और शहीद 25 मार्च 1931 हुए। वह एक निडर पत्रकार, स्वतंत्रता संग्राम के सक्रिय कार्यकर्ता और समाज सेवी थे। उन्होंने 1913 में प्रताप नामक क्रांतिकारी साप्ताहिक पत्र की स्थापना की, जिसे बाद में दैनिक कर दिया गया। प्रताप ने ब्रिटिश शासन के विरुद्ध आवाज उठाई और किसानों, मजदूरों तथा दलितों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया। उन्होंने अपनी पत्रकारिता को कभी भी दलीय राजनीति का मोहरा नहीं बनने दिया। वक्ताओं ने बताया कि विद्यार्थीजी ने अपनी कलम से क्रांति की मशाल जलाई और महात्मा गांधी के अहिंसावादी विचारों के साथ-साथ क्रांतिकारियों को भी समान रूप से सहयोग दिया। उन्होंने अनेक बार जेल यात्राएं कीं, लेकिन सत्य और न्याय के मार्ग से नहीं डिगे। वक्ताओं ने इस बात पर जोर दिया कि गणेश शंकर विद्यार्थी ने 25 मार्च 1931 को कानपुर के सांप्रदायिक दंगों को शांत कराते हुए निसहायों को बचाते हुए अपने प्राणों का बलिदान कर दिया था। उनका यह सर्वोच्च बलिदान सांप्रदायिक सद्भाव और मानवता के लिए उनकी अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस दौरान संतोष नारायण शर्मा, पवन संज्ञा, सुनील शर्मा, अध्यक्ष राजीव बबेले सप्पू, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय जैन कल्लू, महामंत्री अमित सोनी, कार्यालय प्रभारी अजित जैन भारती, पूर्व महामंत्री मो.नसीम, अजय बरया, रवि जैन चुनगी, विनीत चतुर्वेदी, लक्ष्मी नारायण विश्वकर्मा, अबरार अली, अनूप सेन, अशोक तिवारी, कुन्दन पाल, अमित लखेरा, मनोज वैद्य, संदीप शर्मा, संजीव नामदेव, बृजेश पंथ, राहुल शुक्ला, अमित जैन मोनू, दीपक सोनी, शुभम पस्तोर, नितिन गिरी, जयेश बादल, संजय ताम्रकार, संजना सिंह, अशोक गोस्वामी, गौरव बजाज, शिवम अग्निहोत्री, शैलेन्द्र जैन, हितेन्द्र जैन, नीतेश जैन, सुनील जैन, अजय प्रताप सिंह तोमर, शैलेष जैन पिन्टू, अनंत सराफ, स्वतंत्र रिछारिया, कृष्णा विश्वकर्मा, अनूप मोदी, सुनील सैनी, दिव्यांश शर्मा, संजू श्रोती, विनोद त्रिपाठी, संजय चंदेल, कपिल नायक, वेदप्रकाश लिटौरिया, दीपक पाराशर, विकास सोनी, श्याम दीक्षित, अनुराग दीक्षित, स्वतंत्र रिछारिया, यशपाल सिंह, आलोक चतुर्वेदी, रामप्रताप सिंह, अशफाक कुरैशी, भगवत यादव, अजितेश जैन शानू, अक्षय दिवाकर, फैजल खान, अमित राठौर, पंकज रायकवार, अनूप नांगल, आलोक खरे, कृष्णकांत सोनी, सुमित रैकवार मौजूद रहे।

### पत्रकारिता करने की अपील

वक्ताओं ने सभी पत्रकारों से अपील की कि वे अमर शहीद गणेश शंकर विद्यार्थी के जीवन मूल्यों और पत्रकारिता के आदर्शों को अपनाएं। उन्होंने कहा कि आज के दौर में भी विद्यार्थी जी की तरह निर्भीक, निष्पक्ष और जनहितैषी पत्रकारिता करने की आवश्यकता है, जो समाज में सकारात्मक बदलाव ला सके और शोषितों-पीड़ितों की आवाज बन सके।

### नपा की लापरवाही से समय पर जनरल वेस्ट नहीं उठा रही कचरा गाड़ी

# राजगढ़ जिला अस्पताल में बढ़ा कचरा न उठाने व पानी का संकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा-राजगढ़

राजगढ़ जिला अस्पताल में नगरपालिका की कचरा गाड़ी द्वारा सामान्य (जनरल) वेस्ट न उठाने और समय पर पानी की सप्लाय न होने के कारण स्थिति बिगड़ती जा रही है। जिला अस्पताल परिसर में कचरे के ढेर दिनों दिन बढ़ता जा रहा है, जिससे मरीजों, परिजनों और अस्पताल स्टाफ को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। वहीं आवारा पशु भी जिला अस्पताल में इकट्ठे होने के कारण समस्या और बढ़ा रहे हैं। गाय व स्वान को कचरे के ढेर पर मंडराते देखा जा सकता है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के अनुसार, कई दिनों से नगरपालिका की कचरा गाड़ी अस्पताल से सामान्य कचरा उठाने नहीं आ रही है इस कारण अस्पताल के वार्डों, इमरजेंसी और ओपीडी के आसपास सड़ा-गला कचरा जमा हो गया है, जिससे संक्रमण और बदबू की समस्या बढ़ गई है। वहीं कई दिनों से पानी की सप्लाय न होने के कारण जिला अस्पताल में मरीजों एवं स्टाफ को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

सूत्र बताते हैं कि राजगढ़ नगरपालिका अध्यक्ष को जब जिला अस्पताल के अधिकारियों से कोई काम करवाना होता है या किसी कर्मचारी पर दबाव बनाना होता है तो वह इस तरह की कार्यप्रणाली को अपनाते हैं जिससे सभी की परेशानी बढ़ जाती है और काम करवाने में आसानी होती है। ऐसा नहीं की कचरा व पानी से संबंधित सूचना नगरपालिका अधिकारी तक नहीं पहुंचती है परंतु उस पर ध्यान नहीं दिया जाता।





#### आरएमओ कोहली बोले कई बार ऐसा हो जाता है

जिला अस्पताल में पानी सप्लाय और जनरल वेस्ट को न हटाने जैसी समस्या का कई बार हमें सामना करना पड़ता परंतु नगरपालिका इन सार्वजनिक कामों को प्राथमिकता में क्यों नहीं लेती यह समझ से बाहर है। डॉ अमित कोहली ने बताया कि इन जरूरी कामों के लिए भी हमें कई बाद कई दिन तक परेशान होना पड़ता है।

#### बढ़ रहा संक्रमण का खतरा

कचरे में इस्तेमाल किए गए मास्क, ग्लव्स, खाद्य अवशेष व अन्य सामान्य वेस्ट पड़े रहने से मच्छरों व आवारा जानवरों की संख्या बढ़ रही है। मरीजों की सेहत पर भी इसका सीधा असर पड़ रहा है और संक्रमण फैलने का खतरा मंडरा रहा है।

#### अस्पताल प्रशासन की नाराजगी

अस्पताल प्रबंधन ने कई बार नगरपालिका को इस बारे में अवगत कराया, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। अधिकारी इसे स्वास्थ्य सेवाओं की उपेक्षा और जनता की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ बता रहे हैं।

#### इनका कहना है...

हमारे यहां से तो पानी की सप्लाय हो रही है। बात रही कचरे की तो दिखवाता हूं क्यों जनरल वेस्ट को नहीं उठाया जा रहा।

पवन अवस्थी
सीएमओ नगरपालिका राजगढ़

### खनन माफिया बेखौफ...

# खनिज विभाग की अनदेखी के कारण लगातार जारी है रेत का अवैध खनन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लखनवास




सेकनपुर रेत खदान पर माफिया का कब्जा खुलकर सामने आ गया है। पार्वती नदी से बड़े पैमाने पर अवैध खनन जारी है। खदान पर दिन-रात पोकलेन मशीन चल रही है। रात के अंधेरे में ट्रैक्टर ट्रॉली रेत भरकर सड़क पर फर्राटा भर रहे हैं। रातभर करीब 100 से ज्यादा ट्रैक्टरों में रेत भरी जाती है। यह मुनाफा सीधे माफियाओं से लेकर उन्हें संरक्षण देने वाले अफसरों तक जा रहा है। शहर तक अवैध परिवहन हो रहा है। सूत्र बताते हैं कि खदानों से निकलकर ट्रैक्टर सीधे मुख्य सड़कों पर दौड़ रहे हैं, मगर पुलिस और खनिज विभाग की नजरें उनसे बची रहती हैं। पार्वती नदी में खुलेआम अवैध खनन हो रहा है। पार्वती नदी में कुछ दिनों से दिन एवं रात में मशीन से अवैध रेत का कारोबार चल रहा है। मशीन के माध्यम से नदी को छलनी किया जा रहा है। मशीन के द्वारा रेत छानकर पार्वती नदी से ले जा रहे है। मशीन से एक ट्रॉली भरने के 3200 रुपए लिया जाता है जिसकी रॉयल्टी भी नहीं दी जाती है। दिन एवं रात 80 से 100 ट्राली रेत बाजार में 6000 से 7000 रूपये में बेच रहे हैं।

**पुलिस थाने के सामने से ही निकलते हैं रेत से भरे ट्रैक्टर:** चौकी के सामने से निकलते रेत से भरे ट्रैक्टर चौकी प्रभारी ट्रैक्टर को रोकना तो दूर की बात रेत से भरे ट्रैक्टर को देखना भी पसंद नहीं करते। इसलिए रेत माफिया खुलेआम रेत को पार्वती नदी से लेजाकर बाजार में बेच रहे हैं।

#### इनका कहना है...

*हम अभी भावांतरण में लगे हुए हैं। नायब तहसीलदार से बात कीजिए इस विषय में।*

*तोजीराम अहिरवार*
*सुठालिया तहसीलदार*

## राज्यमंत्री टेटवाल ने सिविल अस्पताल का किया निरीक्षण



**सारंगपुर।** शनिवार को राज्यमंत्री गौतम टेटवाल ने सारंगपुर सिविल अस्पताल का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने वार्डों में जाकर मरीजों से सीधे संवाद किया और उनकी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान मंत्री टेटवाल ने अस्पताल प्रबंधन को निर्देश दिए कि मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं, स्वच्छता व्यवस्था और समय पर उपचार उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान मंत्री ने कहा कि "जनसेवा ही हमारा संकल्प है, स्वस्थ नागरिक ही समृद्ध समाज का आधार हैं। उन्होंने चिकित्सकों से मानवता और सेवा भाव के साथ कार्य करने का आह्वान भी किया। अस्पताल निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ महिला चिकित्सक डॉ सरिता यादव,अरुण दीक्षित सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### डीसीएम ने किया था उप स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण

# नदारत मिली फूलखेड़ी व बड़बेली केंद्रों की सीएचओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

ग्रामीण क्षेत्रों की स्वास्थ्य व्यवस्थाएं भगवान भरोसे ही चल रही हैं। अनेकों क्षेत्रों में संचालित स्वास्थ्य केंद्र या तो खुलते ही नहीं हैं या वहां पदस्थ सीएचओ (कम्यूनिटी हेल्थ ऑफिसर) अक्सर नदारत मिलती हैं। लगातार मिल रही इस तरह की शिकायतों के बाद सीएमएचओ डॉ. शोभा पटेल के निर्देशों पर डीसीएम सुनील वर्मा ने शनिवार को राजगढ़ और खिलचीपुर के आयुष्मान आरोग्य मंदिरों (उप-स्वास्थ्य केंद्रों) का औचक निरीक्षण किया।

इस निरीक्षण के दौरान खिलचीपुर क्षेत्र का बड़बेली केंद्र खुला तो मिला लेकिन वहां ग्रुप-डी के कर्मचारी ही उपस्थित पाए गए। डीसीएम वर्मा ने बताया कि यहां पदस्थ सीएचओ कीर्ति देशमुख केंद्र पर उपस्थित नहीं मिलीं। इस बारे में ग्रामीणजनों से चर्चा करने पर उनका कहना था कि सीएचओ दीपावली के पूर्व से ही केंद्र पर नहीं आ रही हैं। इसी तरह राजगढ़ ब्लॉक के फूलखेड़ी उप-स्वास्थ्य केंद्र निरीक्षण के दौरान बंद ही पाया गया। निरीक्षणकर्ता अधिकारी को ग्रामीणों ने बताया कि यहां पदस्थ सीएचओ सीमा संजोदिया भी दीपावली के पहले से ही केंद्र पर नहीं आ रही हैं।




#### पीएम सुरक्षित मातृत्व दिवस पर ऐसी लापरवाही

उल्लेखनीय है कि शनिवार को स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस मनाया गया है जिसमें हाईरिस्क गर्भवति महिलाओं को विशेष चेकअप इत्यादि किए जाने थे। विभाग के इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम दिवस पर भी फूलखेड़ी और बड़बेली के सीएचओ के केंद्र से नदारत रहने को बड़ी लापरवाही मानते हुए अब विभाग द्वारा दोनों सीएचओ पर आगामी कार्यवाही की जा रही है।

### एनएसयूआई ने प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन

**ब्यावरा।** सुठालिया महाविद्यालय में एनएसयूआई विधानसभा अध्यक्ष ईश्वर गुर्जर के नेतृत्व में कॉलेज अध्यक्ष संदीप लोधी द्वारा छात्रसंघ चुनाव की मांग को लेकर उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार के नाम प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा गया। साथ ही एनएसयूआई जिला उपाध्यक्ष अंकित सरावत, एनएसयूआई विधानसभा उपाध्यक्ष लाला गुर्जर, ब्लॉक अध्यक्ष जोधाराम, सप्पु गुर्जर टोडी, विधानसभा सचिव राजू ,कृष्णा सहित सभी एनएसयूआई के कार्यकर्ता साथी उपस्थित रहे।

### सरकारी योजनाओं में घपलेबाजी का काम कर रहा था गिरोह

# 'ऑपरेशन शटर डाउन' में राजगढ़ से भी 1 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

राजगढ़ जिले की सीमा से सटे राजस्थान राज्य की झालावाड़ पुलिस ने 'ऑपरेशन शटर डाउन' के तहत झालावाड़ सहित अन्य स्थानों से 30 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ये आरोपी केंद्र एवं राज्य की जनकल्याणकारी योजनाओं में भारी घपलेबाजी करते हुए फ्रॉड कर रहे थे। इन 30 आरोपियों में राजगढ़ जिले के कालीपीठ थाने के ग्राम देहरीनाथ निवासी विट्ठल पिता गंगाराम तंवर को भी पकड़ा गया है।

झालावाड़ एसपी अमित कुमार ने बताया कि पुलिस की 70 से अधिक टीमों ने उक्त ऑपरेशन को अंजाम दिया जिसमें अभियुक्तों के पास से 53 लाख रुपए नकद, नोट गिनने की मशीनें, 12 लग्जरी कारें, 11 हजार से अधिक संदिग्ध बैंक अकाउन्ट्स, 35 लेपटॉप, 16 बाइक, बड़ी मात्रा में सिमकार्ड, फिंगर प्रिंट स्कैनर, एटीएम कार्ड, फर्जी सील, मोहरें, हार्ड डिस्ट व अन्य इलेक्ट्रॉनिक डिवाईसें जब्त की गई हैं। ये अंतराज्जीय गिरोह पीएम किसान सम्मान निधि, समाज कल्याण, मुआवजा संबंधी योजनाओं में सरकारी सिस्टम से धोखाघड़ी कर रहा था। गोपनीय सूचना मिलने के बाद 30 अलग-अलग रेड पार्टियां बनाई गई जिन्होंने एकसाथ विभिन्न स्थानों पर दबिश देकर 30 आरोपियों व उनके पास से अनेकों संदिग्ध सामानों को बरामदगी में लिया गया है। यह पूरा मामला सायबर क्राईम से जुड़ा हुआ है।



#### मामला गंभीर इसलिए एसआईटी भी गठित

11000 से अधिक बैंक अकाउन्ट्स में सरकारी योजनाओं की राशि डालने के इस गंभीर अपराध की विवेचना के लिए राजस्थान पुलिस ने एसआईटी का भी गठन किया है। एसआईटी में शामिल पुलिस अधिकारी सूक्ष्मता के साथ पूरे मामले की पड़ताल करने में जुटे हुए हैं।

### जिला उपार्जन समिति की बैठक में कलेक्टर ने दिए अहम निर्देश

# हर शनिवार भी खोली जाएं सभी सोसायटी व समितियां: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला उपार्जन समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में डीआर द्वारा बताया गया कि जिले में पिछले वर्ष की तुलना में यूरिया, डीएपी, एनपीके खाद 40 सहकारी समितियो में गत वर्ष की तुलना में अधिक मात्रा में पहुंचाया गया है। जिस पर कलेक्टर ने जिले के सभी एसडीएम एवं सीसीबी महाप्रबंधक को निर्देशित किया कि इस वर्ष अधिक खाद के अंतर की जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें।

उन्होंने निर्देशित किया कि जिले की सभी सोसायटियां एवं डबल लॉक समितियां हर शनिवार को भी खोली जाएं। कलेक्टर डॉ. मिश्रा द्वारा पूर्व में बावड़ीखेड़ा सहकारी समिति के निरीक्षण के दौरान सोसायटी में कमियां पाई गई थीं जिन पर कोई कार्यवाही न किए जाने पर डॉ. मिश्रा द्वारा घोर नाराजगी व्यक्त की गई। उन्होंने दो दिवस में कार्यवाही प्रतिवेदन से अवगत कराए जाने के निर्देश दिए।




जिले की 40 सहकारी समितियो में गत वर्ष रबी सीजन 2024- 25 में भंडारित यूरिया, डीएपी, एनपीके की मात्रा वर्तमान रबी सीजन 2025- 26 में मांग से अधिक यूरिया, डीएपी, एनपीके सहकारी समितियों में भेजने पर कलेक्टर ने जिले के समस्त अनुविभागीय (राजस्व) अधिकारी को निर्देशित किया कि उक्त समितियों का फिजिकल निरीक्षण कर रिपोर्ट आगामी सोमवार तक प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

#### 22 उर्वरक विक्रेताओं को नोटिस जारी

बैठक में उप संचालक कृषि सचिन जैन द्वारा बताया गया कि जिले के 22 उर्वरक विक्रेता दुकानदारों द्वारा यूरिया खाद की पोस मशीन पर एंट्री इंद्राज नहीं करने के कारण स्टॉक जीरो प्रदर्शित हो रहा है, जबकि विक्रेताओं को यूरिया प्रदान किया गया है। उक्त संबंध में उपसंचालक कृषि द्वारा उक्त 22 उर्वरक विक्रेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

## आरा मशीन मालिक ही कर रहा था लकड़ियों का अवैध परिवहन

### वनविभाग के उड़नदस्ते ने लकड़ियां जब्त कर की कार्रवाई



**राजगढ़।** हरियाली के दुश्मनों द्वारा क्षेत्र में धड़ल्ले से हरे-भरे पेड़ों पर कुल्हाड़ी चलवाई जा रही हैं। एक दिवस पूर्व ही नरसिंहगढ़ क्षेत्र में राजस्व टीम द्वारा करीब आधा सैकड़ा से अधिक कटे पेड़ों को जब्ती में लिया गया था। ताजा मामले में वन विभाग की स्पेशल टीम ने पचोर-खुजनेर मार्ग पर गीली लकड़ियों का अवैध रूप से परिवहन करते हुए एक टैक्टर-ट्रॉली पकड़ी है। इन लकड़ियों का परिवहन खुजनेर के आरा मशीन मालिक घनश्याम पिता गिरधारी करवाया जा रहा था। वन विभाग के उड़नदस्ता प्रभारी देवकरण भिलाला को मुखबिर से सूचना मिलने के बाद संबंधित स्थल पर घेराबंदी की गई। तभी सामने से एक टैक्टर-टॉली में बबूल की लकड़ियां भरी हुई पाई गई। जब टैक्टर को रुकवाकर इन लकड़ियों के संबंध में कागजात मांगे गए तो चालक कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। इस पर टीम ने वन अपराध अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया है। इस कार्यवाही में वन क्षेत्रपाल मोहन सिंह सोनगिरा, उप वन क्षेत्रपाल रणजीत सिंह गुर्जर, वनपाल जीतेंद्र, सुमेर का योगदान रहा। वन विभाग ने आरामशीन मालिक पर प्रकरण दर्ज किया है।

# छुट्टियों के बाद खुली मंडी में किसान भावांतरण योजना के तहत बेच रहे फसल



**खिलचीपुर।** लगातार पांच दिन की छुट्टियों के बाद खिलचीपुर कृषि उपज मंडी खुली। 1 अक्टूबर से 23 अक्टूबर तक मंडी में 16,000 क्विंटल सोयाबीन आवक हुई थी। शुक्रवार को भावांतर योजना की शुरुआत के साथ आसपास के क्षेत्र के किसान गुरुवार रात 10 बजे से ही अपनी उपज लेकर मंडी में पहुंच गए। शुरुआत में पंजीयन पोर्टल का सर्वर धीमी गति से चलने के कारण किसानों को परेशानी हुई। मंडी में किसानों की भीड़ की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी उमाशंकर मुकाती मंडी प्रांगण पहुंचे, उन्होंने प्रवेश पर्ची काउंटर पर किसानों को व्यवस्थित किया और दो-दो किसानों की लाइन बनाकर पर्ची प्रकिया सुचारू रूप से व्यवस्थित करवाया। लगभग 12 बजे से नीलामी बोली शुरू हुई, जिसमें सोयाबीन का भाव 3,300 से 4,300 रुपए प्रति क्विंटल रहा। मंडी सचिव ने किसानों से अपील की माल साफ-सुतरा करके लाएं और भावांतरण योजना का लाभ उठाएं। मंडी सचिव ने बताया पंजीयन और दस्तावेज जैसे आधार नंबर सहित प्रवेश पर्ची जरूरी है। किसान व्यापारी से नगद भुगतान न लें, बल्कि सभी भुगतान सीधे आरटीजीएस के माध्यम से उनके बैंक खातों में ही जमा होंगे। शासन के निर्देशों के अनुसार मंडी समिति पूरी प्रक्रिया पारदर्शिता के साथ संचालित करने में जुटी है।

#### दिव्य शिवगंगा की कथा का होगा वाचन

**ब्यावरा।** भव्य एवं दिव्य शिवगंगा कथा, पूर्वजों की स्मृति में रुदीपस्तंभ प्रतिष्ठा एवं गंगा महाआरती। ब्यावरा शहर का सौभाग्य है कि प्रदेश के पहले भव्य विग्रह स्वरूप मां गंगा का आशीर्वाद हमे मिला है एवं सनातन में दीपक के अद्भुत महत्व स्वरूप इस कार्तिक पूर्णिमा पर दीपस्तंभ के रूप में मां की कृपा हमे मिली है। इस बार शिवगंगा की अद्भुत कथा प्रमोद नागर के श्रीमुख से सुनकर माता की महिमा से अपने जीवन को धन्य बनाए एवं दीप लगाकर महा आरती कर मां गंगा के प्रति अपनी कृतज्ञता समर्पित करते हैं।

### सीएमएचओ के निरीक्षण में राजगढ़, खुजनेर, ब्यावरा में मिली कई अव्यवस्थाएं

# प्रसूताओं से जुड़े मातृत्व शिविरों में भी जिम्मेदारों ने बरती लापरवाहियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

स्वास्थ्य विभाग द्वारा शनिवार को जिले की विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं में हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं के लिए प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस का आयोजन किया गया। शिविरों में व्यवस्थाओं की कमी पाए जाने पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शोभा पटेल ने कड़ा रुख अपनाया है। सीएमएचओ डॉ. पटेल ने राजगढ़, खुजनेर और ब्यावरा अस्पतालों में पहुंचकर शिविरों का औचक निरीक्षण किया, जहां अनियमितता पाए जाने पर संबंधितों को चेतावनी पत्र जारी करने के साथ-साथ ड्यूटी पर अनुपस्थित डॉक्टर को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

सीएमएचओ डॉ. पटेल के निरीक्षण के दौरान ब्यावरा अस्पताल में लगे शिविर के दौरान ड्यूटी डॉक्टर डॉ. आरके जैन मौके पर अनुपस्थित पाए गए। इतना ही नहीं, मरीजों ने भी डॉक्टर की अनुपस्थिति को लेकर शिकायत दर्ज की। इस लापरवाही पर डॉ. पटेल ने तत्काल डॉ. जैन को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।



#### खुजनेर में अव्यवस्था पर संस्था प्रभारी तलब

खुजनेर अस्पताल में आयोजित शिविर में भी उचित व्यवस्थाओं का अभाव दिखा। निरीक्षण के दौरान व्यवस्थाएं संतोषजनक न पाए जाने पर सीएमएचओ ने संस्था प्रभारी को तलब किया है और उनसे जवाब मांगा है।

#### नरसिंहगढ़ क्षेत्र में 3 मेडिकल स्टोर किए सील

सीएमएचओ डॉ पटेल को नरसिंहगढ़ ब्लॉक अंतर्गत आने वाले ग्राम गादिया में दीपक बाला एवं गीता मेडिकल स्टोर की आड़ में कुछ लोग अवैध क्लीनकली प्रैक्टिस करते हुए पाए गए। इन मेडिकल स्टोर्स पर कोई फार्मासिस्ट भी नहीं मिला। प्रेक्टिस करने वालो के पास डिग्री, मेडिकल प्रेक्टिस करने का रजिस्ट्रेशन आदि डॉक्यूमेंट भी नहीं पाए गए। इसके चलते सीएमएचओ ने सीबीएमओ डॉ. आरके अहिरवार के साथ संयुक्त कार्रवाई कर क्लीनिक एवं मेडिकल स्टोरों को सील कर दिया।

#### गर्भवती महिलाओं की सेवा में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

निरीक्षण के दौरान सीएमएचओ ने शिविर में हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की जाँच, उपचार और उन्हें उचित परामर्श देने के कार्य का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने समस्त स्वास्थ्य अमले को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि गर्भवती महिलाओं को दी जाने वाली सेवाओं में किसी भी प्रकार की कमी या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डॉ. पटेल ने जोर देते हुए कहा की ग्रामीण क्षेत्रों के दूर-दराज इलाकों से गर्भवती महिलाएं बहुत परेशानी उठाकर आती हैं। ऐसे में उन्हें दी जाने वाली सेवाओं में कोई कमी नहीं रहनी चाहिए। यदि आगे कोई भी कमी पाई गई तो संबंधितों पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने अधीनस्थ अमले को सभी हाई रिस्क महिलाओं को उचित उपचार और अगली जांच के लिए बुलाने का काम जिम्मेदारी से करने को कहा।